भारत सरकार
पर्यटन मंत्रालय
राज्य सभा
लिखित प्रश्न सं. 3332#
गुरुवार, 21 अगस्त, 2025/30 श्रावण, 1947 (शक)
को दिया जाने वाला उत्तर

पर्यटन मित्र और पर्यटन दीदी

3332# डा. दिनेश शर्मा:
श्री राघव चड्ढा:

क्या **पर्यटन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) 'पर्यटन मित्र एवं पर्यटन दीदी' पहल के अंतर्गत प्रशिक्षित स्थानीय राजदूतों की कुल संख्या कितनी है और उनके प्रतिनिधित्व का राज्य-वार ब्यौरा क्या है;

(ख) कार्यक्रम में प्रतिभागियों के चयन के मानदंड क्या हैं;

(ग) क्या महिलाओं और हाशिए पर रहने वाले समुदायों के लिए कोई विशेष प्रावधान किए गए हैं; और

(घ) भारत रणभूमि दर्शन पहल के कार्यान्वयन से आगंतुकों की पहुंच, सुरक्षा तंत्र और स्थानीय भागीदारी में किस प्रकार वृद्धि हुई है?

उत्तर

पर्यटन मंत्री **(श्री गजेन्द्र सिंह शेखावत)**

(क) से (ग): पर्यटन मंत्रालय ने पर्यटन मित्र/पर्यटन दीदी नाम से एक राष्ट्रीय उत्तरदायी पर्यटन पहल शुरू की है। इसका लक्ष्य स्थानीय सेवा प्रदाताओं जैसे कैब चालक, ऑटो चालक, रेलवे स्टेशन, हवाई अड्डा, बस अड्डा के कर्मचारी, होटल कर्मचारी, रेस्टोरेंट कर्मचारी, होमस्टे मालिक, टूर गाइडों, पुलिसकर्मी, फुटपाथ वाले विक्रेता, दुकानदार, छात्र आदि हैं, जिनमें महिलाएं और वंचित समुदाय भी शामिल हैं। इसका उद्देश्य पर्यटन के महत्व, सामान्य स्वच्छता, सुरक्षा, स्थिरता और पर्यटकों को सर्वोच्च स्तरीय आतिथ्य और देखभाल प्रदान करने के महत्व पर प्रशिक्षण प्रदान करना और जागरूक करना है।

इस पहल को भारत के 6 पर्यटन स्थलों, यथा ओरछा (मध्य प्रदेश), गंडिकोटा (आंध्र प्रदेश), बोधगया (बिहार), आइज़ोल (मिज़ोरम), जोधपुर (राजस्थान) और श्री विजयपुरम (अंडमान और निकोबार द्वीप समूह) में पायलट प्रोजेक्ट के रूप में शुरू किया गया था। यह कार्यक्रम 15 अगस्त, 2024 को शुरू किया गया था और इसके तहत अब तक 4,000 से अधिक लोगों को प्रशिक्षित किया जा चुका है। आँकड़ों का राज्यवार विवरण **अनुबंध** में दिया गया है।

(घ): रक्षा मंत्रालय ने सूचित किया है कि ऐतिहासिक रूप से महत्वपूर्ण युद्धक्षेत्रों में पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए शुरू की गई भारत रणभूमि दर्शन पहल इसकी विशिष्ट वेबसाइट के माध्यम से नागरिकों द्वारा देखी जाती है। अब तक, वेबसाइट पर 46,124 हिट्स दर्ज किए गए हैं और इस कार्यक्रम के अंतर्गत 349 पर्यटकों को सुविधा प्रदान की गई है।

रक्षा मंत्रालय जन जागरूकता और भागीदारी बढ़ाने के लिए पर्यटन मंत्रालय और पंजीकृत टूर ऑपरेटरों के साथ मिलकर सक्रिय रूप से इसका संवर्धन कर रहा है।

सुरक्षा व्यवस्था के संदर्भ में रक्षा मंत्रालय ने सूचित किया है कि स्थानीय सैन्य फॉर्मेशन्स को पर्याप्त रूप से संवेदनशील बना दिया गया है और वे इस पहल की सुरक्षा और सुचारू संचालन सुनिश्चित करने के लिए सभी संबंधित सुरक्षा पहलुओं का प्रबंधन करने में पूरी तरह सक्षम हैं।

*****

अनुबंध

डा. दिनेश शर्मा और श्री राघव चड्ढा पर्यटन मित्र और पर्यटन दीदी के संबंध में दिनांक 21.08.2025 को पूछे जाने वाले राज्य सभा के लिखित प्रश्न सं. 3332# के भाग (क) से (ग) के उत्तर में **विवरण**

भारत पर्यटन कार्यालयों और पर्यटन हितधारकों द्वारा राज्यवार आयोजित पर्यटन मित्र/पर्यटन दीदी प्रशिक्षण:-

क्र. सं.	**राज्य**	**उम्मीदवार**
1.	आंध्र प्रदेश	237
2.	बिहार	741
3.	दिल्ली	80
4.	गुवाहाटी	44
5.	जम्मू एवं कश्मीर	55
6.	कर्नाटक	242
7.	मणिपुर	10
8.	मिजोरम	60
9.	मध्य प्रदेश	1487
10.	पोर्ट ब्लेयर	552
11.	पंजाब	27
12.	राजस्थान	141
13.	मेघालय	60
14.	उत्तर प्रदेश	46
15.	उत्तराखण्ड	250
	कुल	**4032**

*****